When we were not in the Government, we were saying all through that the system of judiciary should be changed, that the judiciary should be separated from the executive, so that the prosecutor may not remain himself the judge also. In our Constitution we have provided in article 50 that "The State shall take steps to separate the judiciary from the executive in the public services of the State". Now, this Directive Principle of the Constitution has been given a slight reference in this Bill. But it says, the State "shall" take steps to separate the judiciary from the executive. My amendment refers to that aspect of the matter so that the Select Committee may also go into the question whether the time has come or not to separate the executive from the judiciary. I believe the time has come. This has been our cry for a

[Shri Sinhasan Singh]

long time. When we were not in the Government, our main plank of agitation was that the executive should be separated from the judiciary and only the judiciary should be entrusted with the trial. I remember the time in our State of U.P. when Dr. Katju was the Home and Law Minister. He introduced there the partial separation of Judiciary from the Executive and put the Judicial Magistrate not under the control of the District Magistrate but under separate Additional District Magistrates. But, instead of putting them under a separate Additional District Magistrate, if they had been put under the control of the District Judges, probably the separation would have gone to a greater extent.

Attention may be drawn to a provision in this Bill and it is this: appeals from the second and third class magistrates which were going to the District Magistrate will hereafter, under the enactment of this new Bill, be filed with the sessions judges. At page 30 of the Bill, it is stated as follows:

> "Under section 407 appeals against convictions by Magistrates of the 2nd and 3rd Class lie to the District Magistrate who may direct that any appeal or class of appeals shall be heard by a 1st class magistrate empowered by the State Government to hear such appeals. As a step towards effecting separation of the Judiciary from the Executive it is proposed to suitably amend section 407 providing that such appeals shall lie to the Court of Session."

Thus, there is indication that the Government is also feeling the necessity of separating the executive from the judiciary. But I do not know what reasons have weighed with the Government not to come forward, after such a long time, with a Bill to separate the judiciary from the executive. In section 28 of the Criminal Procedure Code, there is a class of judges who are to try criminal cases. If my amendment is accepted, probably the scope will be extended and separation of the judiciary from the executive may be effected.

Section 28 of the Criminal Procedure Code says:

> "Subject to the other provisions of this Code any offence under the Indian Penal Code may be tried—
>
> (a) by the High Court, or
>
> (b) by the Court of Session, or
>
> (c) by any other Court by which such offence is shown in the eighth column of the second schedule to be triable."

If clause (c) is suitably amended, separation could be effected. The Government may say that difficulties may arise in this way, namely, of getting suitable personnel. I might point out that many of the Judicial Magistrates are LL.Bs. They can all be put under the supervision of the High Court and taken away from the direct control of the District Magistrate. Separation will be greatly effected if they suitably amend section 28 of the Criminal Procedure Code. If they accept my amendment, I think it will go a long way, and much of the stigma that is now being attached to our Government for not separating the judiciary from the executive will be removed.

I now go into the Bill itself. The Bill has been almost greatly condemned by many, but I do not go along with them. My hon. friend Shri Ramaswamy was saying that only 15 per cent. of the cases that go to the courts are correct, and the other 85 per cent. are incorrect. Probably he meant that. My experience has been otherwise that the police hardly challan a case which is not correct. There may be one or two persons in the group of the accused who may

not have actually participated in the crime. What happens is, the police gets hold of those persons who, in some way or other, have been connected with the crime or with the agents of the crime. When the complainant goes to lodge a police report, he mentions certain names, and then the police comes forward and tries to implicate them. But it is wrong to say that the police challan false cases. My experience has been that the police challan those persons who are in one way or the other connected with the crime or in the process of increasing the number of crimes

There are some very good provisions in the Bill. Firstly, for the first time, the accused are going to get from the court, without paying anything, all papers that are produced by the police to incriminate them. What has been the practice so far? We have been trying to get the first information report and all the statements of the police taken under section 161 of the Criminal Procedure Code through back-door, because no lawyer proceeds to frame a defence unless he knows what the prosecution says. Here is a provision which I welcome and which goes a great way to help the accused in getting the right defence. It would also help them by enabling them not to give money to the police for purposes of securing copies of such papers.

Another good provision in the Bill is that an appeal has been provided, from the second and third class magistrates, to the civil judges, or, rather, the sessions judges.

Another good provision is the granting of bail after six weeks. Now, in non-bailable cases, the accused have been kept in jail without getting bail, because the police have been getting remands in the hope of getting further evidence. According to the present provision, namely, the time of six weeks, either the court will have to finish the case or the man will get the bail. A great relief is being given to the accused by this provision.

I next refer to the commitment proceedings. There were some opinions expressed here, that the commitment proceedings in cognizable cases need not have been abolished. But I say I quite agree with the amendment. It is a right procedure that has been formulated. In the present circumstances, during the commitment proceedings, practically all the money that the accused possesses is taken away and he has very little left to defend himself in the Sessions Court. Under the new provisions, the accused is given all the papers concerned and is put up by the magistrate directly for trial before a court of session. It is wrong to say that in all cases of such a nature, the man gets acquitted. The man gets acquitted in the court of session not by mere contradictory statements here and there, but through major faults in evidence that he gets out of the witnesses in the sessions court. This is also a provision which will greatly relieve the accused from the harassments from which he is unnecessarily made to suffer.

I proceed to warrant cases. Warrant cases have also been simplified. What happens now is that we keep mum so long as the examination under section 252 is proceeded with. After charge-sheet, all the witnesses are brought forth for cross-examination. Then, other witnesses are produced and examined. So, it prolongs the case indefinitely. Then, section 257 comes in. Then also, the case is prolonged. But now, under the new provision, if I want any witness to be retained for further cross-examination, that would be done, and he could be examined after the cross-examination of all the witnesses whom the accused wants to examine first. I feel that this provision is a good one and that it should be maintained.

There is also a clause for providing appeals to the complainant. So far, private complaints meet with a bad fate. When private complaints come up in the criminal courts, the criminal courts take them up later, as they

[Shri Sinhasan Singh]

are mostly desirous of taking up the case of police prosecutions. Mostly, police prosecutions end in conviction, but private complaints end in acquittal. So, the private complainant, whose case falls through, has no remedy. He has no appeal provided for him, in the case of acquittal, but only the Government has the right of appeal. Provision has now been made in the Bill for an appeal to the High Court. But here I would make a suggestion. Instead of making him go and appeal to the High Court, the Bill should be so amended that after the accused is first convicted by the Sessions Judge in appeal against his order of acquittal by the Magistrate he should have the right to appeal to the High Court. This will meet the difficulty that was raised by some hon. Members.

I have taken hardly ten minutes.

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member has taken nearly 15 minutes.

Shri Sinhasan Singh: I shall take only two minutes more. I now come to the bad points. Sections 145 and 146 have been tacked together. This will give rise to unscrupulous persons to come forward and say that the rightful ownership belongs to them. The magistrate will say there are witnesses on both sides and the rightful owner will be deprived of his property and will have to go to the civil court because there is no provision by which the rightful person can be given his property by the magistrate. Unless he goes to the civil court he loses his property. It is also a bad provision.

Similar difficulty will arise out of proposed amendment to section 147. A man may not have been tying his bullock in the house or land of another but the moment he puts a claim that he had been so using the said lawn or the land will be attached. The man who is the owner of that house or land will be deprived and he will have to go to the civil court. It would have been better if section 147 would have been deleted; it would have been better had the matter been left to the civil court for decision. That is a very bad provision

Similarly I say about clause 107 that the provision that is being made may be used in a good way as well as in a bad way. A man may come to a police officer and say, 'Take Rs. 100 and have so and so arrested under section 107. Kindly put him in jail and he will give you more money'. So, it will be giving a handle to the police and men of criminal mind. I think Dr. Katju and the Select Committee will consider this point.

Shri Nambiar (Mayuram): What about the omission of section 162?

Mr. Deputy-Speaker: Let him go on.

Shri Sinhasan Singh: I have to state that from the opinions that have been circulated to us, we find that all of them are against the deletion of section 162. It was good for the accused because that was being used to contradict any witness who was saying something which was not said on the earliest occasion. In the case, likely to go to the sessions court, the examination of all witnesses before a magistrate is also something which I think is not desirable because all the witnesses are giving their statements in the absence of the accused and they are on oath and if the witnesses have been forced to make some statement by the police and if they want to speak the truth before the court, they will be confronted with their statements, which were recorded when the accused had no right to cross-examine them. That provision should not also have found a place. I do not think there is any difficulty in this because no guilty person should escape but, all the same, no innocent person should be convicted. For this purpose, we shall have suitably to amend it.

I will request the hon. Minister to take steps to separate the judiciary from the executive. So long as these

remain together, our whole difficulty will also remain and the time has come when Dr. Katju should take the step. While introducing the Bill he said it was memorable time for him that he had introduced this Bill, but I say he will make history by separating the judiciary from the executive. I know he is a bold and experienced lawyer and he will take bold steps (*Interruption*). He can separate the judiciary from the executive only by changing section 28 of the Criminal Procedure Code. As the time is short I will end with this.

श्री आर० डी० मिश्र (ज़िला बुलन्दशहर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं अपने मंत्री महोदय को भी मुबारकबाद देता हूं कि वह जाब्ता फ़ौजदारी क़ानून में तरमीम करने के खातिर यह बिल लाये हैं और जैसा उन्होंने इस तरमीमी बिल के स्टेटमेंट आफ़ आबजेक्ट्स में बतलाया है, मैं उनसे पूरी हमदर्दी रखता हूं और मैं उसमें उनके साथ हूं । जैसा कि हमारे होम मिनिस्टर ने बतलाया कि ७० फ़ीसदी केस तो नीचे की अदालतों से छूट जाते हैं, तेरह फ़ीसदी केस ऊपर की अदालतों में छट जाते हैं, यानी ८३ फ़ीसदी केस छूट जाते हैं, १७ फ़ीसदी केस रह जाते हैं, उनमें भी जब वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचते हैं तो कुछ वहां से और छट जाते हैं । आज हालत यही हो रही है और मैं पूछता हूं कि जिस देश के अन्दर इतनी बड़ी तादाद में मुलजिमान छूटते हों, उस देश में न्यायालयों पर जनता का कैसे भरोसा क़ायम रह सकता है ? और आज हक़ीकत यह है कि जनता को न्यायालयों पर कोई विश्वास नहीं रह गया है और तमाम जगहों पर झूठ का बोलबाला है । जहां तक इस बिल का ताल्लुक है, मैं अपने होम मिनिस्टर को इसको हाउस के सामने लाने के लिये बधाई देना चाहता हूं लेकिन मुझ माफ़ करें अगर मैं कहूं कि इस बिल को देख कर मुझे ताज्जुब हुआ कि आया जो कुछ हमारे होम मिनिस्टर साहब चाहते हैं वह बात इससे पूरी तरह से हासिल हो भी सकेगी या नहीं । हमें यह नहीं बतलाया गया कि किस तरह से यह अन्याय दूर हो सकता है और कैसे इंसाफ़ दुनिया में वापिस लाया जा सकता है । यह देश हमारा जो कभी सत्य और न्यायवादिता के लिये मशहूर था, आज उसकी क्या दशा है ? लोग यह अक्सर कहते सुने जाते हैं कि अदालत में जाकर सच बोलना तो गुनाह है और, "अरे भाई यहां कोई अदालत थोड़े ही है कि झूठ बोलो, यहां तो सच बोलो ।" आज हमारी अदालतों में सिवाय झूठ के और कुछ नहीं दिखाई पड़ता और मेरा अपना तो यह अक़ीदा रहा है और पिछले २८ वर्ष से मैं इस वकीली का पेशा करता आया हूं मेरा तो यह अक़ीदा रहा है कि जहां पर यह अदालतें होती हैं उसके बीस गज के फ़ासले तक चारों तरफ़ झूट का प्रचार होता है । मुझे इस सिलसिले में एक बात याद आ गयी । सन् १९३७ में जब मैं लखनउ गया, तो पंत जी ने मेरी मुलाकात भल्ला साहब से कराई और बतलाया कि इनको हमने करप्शन रोकने के लिये आफ़िसर मुक़र्रर किया है । उसके बाद भल्ला साहब मेरे पास आये और कहा कि हमें कुछ मुक़दमात दीजिये । मैंने उनसे कहा जनाब, मैं कोई पुलिस अफसर नहीं हूं कि मैं आप को मुक़दमे पकड़वाऊं, क्या आपने हम कांग्रेस मैनों को पुलिस का दलाल समझा है कि हम आप को केसेज़ पकड़वाते रहें । आपको पंत जी ने इसीलिये नौकर रक्खा है, आप खुद तहक़ीकात कीजिये और पता लगाइये मैं क्या बताऊं ? आप मुझ से पूछते हैं कि करप्शन का केस बतलाओ, मैं कहता हूं कि आप जिस बिल्डिंग में खड़े हैं, इसके किसी कोने के अन्दर कोई आदमी ऐसा नहीं जिसको मैं यह बता सकूं कि यह करप्ट नहीं है ।

[श्री आर० डी० मिश्र]

किस किस को मैं बतलाऊं ? हर कोने का थानेदार, तहसीलदार, सिपाही, चपरासी हाकिम अदालत सारे का सारा अमला इस मर्ज में मुब्तिला है, आवे का आवा ही खराब है, पर मैं करूं क्या, इसकी जिम्मेदारी किस पर है ? मैं तो इस बारे में निवेदन करने के लिये मौक़ा तलाश कर रहा था और आज मुझे सौभाग्य से इस जाब्ता फ़ौजदारी क़ानून को तरमीम करने के सिलसिले में अपने होम मिनिस्टर से अर्ज़ करने का मौका मिला। मैं तो मानता हूं कि अकेला यह जाब्ता फ़ौजदारी का क़ानून देश की मौजूदा हालत के लिये जिम्मेदार है । आज जो करप्शन और झूठ चल रहा है, जो एडल्टरी हो रही है, और यह जो सरकारी दफ़्तरों में रिश्वतसतानी बढ़ रही है और चल रही है उसकी जिम्मेदारी इस मौजूदा जाब्ता फ़ौजदारी क़ानून पर है । इन सब बुराइयों की जिम्मेदारी क्रिमिनल प्रोसीज्योर कोड पर है । इसका वह मतलब न समझ लीजियेगा कि ताज़ीरात हिन्द के क़ानून में कोई अच्छी चीज़ नहीं है। उसमें बड़ी अच्छी अच्छी दफ़ायें हैं लेकिन जो उनका असर होना चाहिये, मुलजिमान को सज़ा मिलनी चाहिये उसके लिये क़ानून हैं लेकि इंसाफ दिलाने के लिये नहीं जो जाब्ता बनाया गया है वह इतना निकम्मा बनाया है कि उसने सत्यानाश कर दिया तमाम न्याय का। आप पूछेंगे कि कैसे कर दिया तो सुनिये मैं आपको बतलाता हूं । जाब्ता फौजदारी में जुर्मों को दो भागों में बांटा गया है कागनेज़ेबुल और नान कागनेज़ेबुल । कागनेज़ेबुल और नान कागनेज़ेबुल केस क्या है ? इसका मतलब है कि कागनेज़बुल मुक़दमा वह है जिसमें पुलिस बिना वारंट गिरफ्तार कर ले और दूसरा मुक़दमा नानकागनेज़ेबुल ऐसा कि जिसमें पुलिस मजिस्ट्रेट से वारंट हासिल करके गिरफ्तारी करे। आज यह है कि अगर कोई सरकारी अफ़सर रिश्वत लेंगे तो उन पर मुक़दमा चलाने के लिये सरकारी सैंक्शन की ज़रूरत पड़ेगी, अगर अदालत में कोई झूठ बोलेगा तो अदालत मुक़दमा चलायेगी और अगर कोई शख्श डिफ़ेनेटरी एलिगेशन करेगा तो खुद जिसको गाली दी होगी वह मुक़दमा दायर करेगा, अगर किसी की घर वाली को कोई भगा कर ले गया है तो उसका पति मुक़दमा दायर करेगा और अगर किसी की औरत के साथ कोई व्यभिचार करता है तो पहले तो उसमें यह तहक़ीकात होनी चाहिये कि औरत की उसमें रज़ामन्दी तो नहीं थी और जब यह साबित हो जाय कि उसकी रज़ामंदी नहीं थी और उसके संग ज़बर्दस्ती व्यभिचार किया गया तो उस औरत का पति जा कर फ़रियाद करे कि मेरी बीवी के साथ फ़लाने ने ज़िनाह किया । मैं कहता हूं कि यह जो जाब्ता फ़ौजदारी क़ानून में १९५, १९६, १९७ और १९८ दफ़ायें बना दी हैं, इन दफाओं ने आपकी तमाम दण्ड पद्धति का सत्यानाश करके रख दिया है । इनके रहते उन सरकारी अफ़सरों के ऊपर जोकि रिश्वत लेते हैं, पुलिस मुकदमा नहीं चला सकती और पुलिस अफ़सर बिला वारंट के गिरफ्तारी नहीं कर सकता है । सरीहन थानेदार बैठा रहे और उसके सामने पेशकार रिश्वत लेता रहे लेकिन वह क्या करें वह इसमें कुछ नहीं कर सकते । क्योंकि यह नान कागनेज़ेबुल आफ़ेन्स है । वह कहते हैं कि मुझे कोई अख्तियार नहीं है तुम मजिस्ट्रेट के यहां चले जाओ और इसके खिलाफ़ शिकायत करो और उस पर मुक़दमा चलाओ । थानेदार सामने बैठा रहता है और उसके नीचे जो मुंशी रहता है वह रपट लिखाई चार रुपये ले लेता है और जब थानेदार से कहो तो वह जवाब देता है कि वह तो सरकारी अफ़सर हैं, हम

कैसे अपने आप उस को गिरफ्तार कर सकते हैं, वह तो नान कागनेज़ेबुल आफ़ेन्स है। यह भी खूब है कि सब-इंस्पेक्टर के नीचे कांस्टेबुल काम करता रहे और वह रिश्वत लेता रहे, लेकिन कुछ नहीं किया जा सकता क्योंकि वह नान कागनेज़ेबुल आफ़ेन्स में आता है। लेकिन इसके यह मानी नहीं कि वह नान कागनेज़ेबुल जुर्म में कुछ कर नहीं सकते अगर पुलिस के जी में आ जाय तो नान कागनेज़ेबुल आफ़ेन्स में भी केस को चला देती है। इस सिलसिले में मैं आपको अपना तजुर्बा बतलाऊं कि सन् १९३० में मेरे ऊपर ५०६ में केस चला दिया। जब मेरे ऊपर मुक़दमा चलाया गया तो मैंने मुक़दमें में बहस की। मैं ने कहा कि जनाब हम कांग्रेसी तो ये अंग्रेज़ी क़ानून आपके नहीं मानते, लेकिन आप तो सरकारी नौकर हैं। उस समय के० प्रसाद डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट थे, मैंने उनसे और लक्ष्मी शंकर मजिस्ट्रेट अदालत से कहा कि जनाब आप तो सरकारी नौकर हैं और आप तो सरकार के कानूनों को मानते हैं, यह नान कागनेज़ेबुल आफ़ेंस हैं, मुझ पर पुलिस की रिपोर्ट पर केस नहीं चल सकता, यह आप पुलिस की रिपोर्ट पर कैसे मेरे खिलाफ़ केस ले आये ? और मैंने जुर्म क्या किया था, कोई एक इश्तिहार हमारे कांग्रेस दफ्तर से जारी हुआ बहैसियत प्रेसीडेंट मेरे उस पर हस्ताक्षर थे उसमें लिखा था कि लोग अपनी विदेशी कपड़े की दुकान सील करदें नहीं तो उनकी दुकानों पर पिकेटिंग होगी, मैंने कहा कि जिस दुकानदार की बाबत आपको मालूम हुआ कि हमने उससे कहा कि दुकान के विदेशी कपड़े को मुहर बन्द करे उसको मुकदमा चलाना चाहिये लेकिन मेरी एक नहीं सुनी गई और दो साल की सजा ठोक दी। इसी तरह मैं आपको बतलाऊं कि सन् १९२१ में मेरे ऊपर ५०४ का मुकदमा चलाया गया और आप जानते हैं कि मैंने क्या जुर्म किया था ? कांग्रेस दफ्तर की तलाशी लेने के लिये पुलिस वाले आये और दफ्तर की तलाशी ली शाम को जलसा हुआ उसमें कुछ क़साई बैठे थे जब तलाशी के गवाह का ज़िक्र हुआ शायद उनमें से किसी के मुंह से निकल गया "लानत" हमने कहा भी नहीं लेकिन हम से कहा गया कि तुमने यह लफ्ज़ कहा और ५०४ हमारे ऊपर लगाया गया। मैंने पूछा कि ५०४ में पुलिस को चालान करने का अख्तियार किसने दे दिया, वह तो नान कागनेज़ेबुल आफ़ेन्स था, उसके बाद सन् ३० में १०८ में के० प्रसाद साहब की अदालत में मेरे ऊपर मुक़दमा चलाया गया . . . . .

गृह-कार्य तथा राज्य मंत्री (डा० काटजू): यह तो आप सन् ३० की चर्चा कर रहे हैं।

श्री आर० डी० मिश्र : यह एक वक़ील की चर्चा है कि अदालतों में कैसे काम होता है, सन् २१ से लेकर आज तक क्या हो रहा है, यह मैं आपको बतला रहा था। दफ़ा १०८ में लिखा है कि :

> "any person who either orally or in writing or in any other manner disseminates or attempts to disseminate, or in anywise abets the dissemination of,—
>
> (a) any seditious matter, that is to say, any matter the publication of which is punishable under section 124-A of the Indian Penal Code, or
>
> (b) any matter the publication of which is punishable under section 153-A of the Indian Penal Code shall be required to show cause why he should not be ordered to execute bond with or without sureties for his good behaviour not exceeding one year."

अब इस में यह है कि अगर कोई सामग्री जसका पबलिकेशन १२४-क जुर्म हो तो

[श्री आर० डी० मिश्र]

१०८ में सजा हो सकती है । हमने कहा कि जनाब इसमें यह जो पबलिकेशन लिखा है तो हमने तो कोई पबलिकेशन नहीं किया है, यह हम पर किस बात का मुक़दमा चला रहे हैं । आप १२४ पढ़ लीजिये १५३ पढ़ लीजिये ।

153-A. "Whoever by words, either spoken or written, or by signs or by visible representations, or otherwise, promotes or attempts to promote feelings of enmity or hatred between different classes of the citizens of India shall be punished with imprisonment which may extend to two years or with fine or with both.....

मैंने कहा कि मैंने तो कोई गुनाह नहीं किया है और मुझ पर यह मुक़दमा क्यों चलाया जा रहा है लेकिन मेरी बात नहीं सुनी गई और एक साल की सजा ठोंक दी । यह मैं सन् ३० की बात बतला रहा हूं जबकि के० प्रसाद डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट थे, वह रिटायर भी हो चुके । मैंने उनसे कहा और मैंने लिख दिया कि मैं इसे अदालत तसलीम नहीं करता लेकिन आप तो तसलीम करते हैं, आप को तो अपनी गवर्नमेंट के बनाये क़ानूनों को मानना चाहिये । मैं उस समय सोचता था कि जब कभी स्वराज्य होगा तो इस ज़ाब्ता फ़ौजदारी की धज्जियां उड़वा कर रख देंगे, मैं इसे क़ायम रहते नहीं देख सकता । मैं इसे बरदाश्त नहीं कर सकता । इसीलिये मैंने अपनी तरमीम दी है कि इस किताब का नाम बदल दिया जाय । और इसका नाम बदलने के बाद जो आप यहां के नागरिकों की मदद के लिये ज़ाब्ता क़ानूनें बनायें उसका नाम क्रिमिनल प्रोसीजर कोड १९५४ रक्खें और जो वाकई आज़ादी के बाद का कानून मालूम पड़े । आप पूछेंगे कि यह हिन्दुस्तान मेंझठ फार्जरी कहां से शुरू हुई ? इसकी शुरुआत यहां पर अंग्रेजों की हुकूमत के वक्त से शुरू होती है, होता यह था कि विदेशी हुकूमत के इशारे पर पुलिस वाले और थानेदार अपने विदेशी मालिकों को खुश करने के लिये झूठे बयानात लिख कर मुकदमे बनाते थे लोगों को दबाते थे और उन पर मुक़दमे चलाते थे, झूठे बयानात अपनी डायरी में दर्ज करते थे और लोगों पर मुक़दमा चलाते और उन पर तरह तरह के जुल्म करते थे क्योंकि उनको अपने अफ़सरों को खुश करना होता था, लेकिन अब तो यहां पर विदेशी हुकूमत नहीं रही है और इसलिये जनता को बेजा दबाना नहीं चाहिये । सन् १८८२ का जो फ़ौजदारी क़ानून था उसमें यह लिखा था कि थानेदार के सवालों के जवाब हर व्यक्ति सच्चे देगा—दफ़ा में "ट्रूली" वर्ड लिखा हुआ था । लेकिन अब दफ़ा १६१ के सब-क्लाज़ २ में यह है :

"Such person shall be bound to answer all questions relating to such case put to him by such officer..."

ट्रूली का शब्द सन् १८८२ के क़ानून में था, लेकिन १८९८ वाले क़ानून से अंग्रेज़ों ने उस ट्रूली लफ़ को उड़ा दिया । अब क्या बन गया केस ला जिस वक्त हमारे एक दोस्त ने अदालतों के वर्किंग के बारे में कुछ कहा तो हमारे कुछ वकील लोग नाराज़ हो गये और कहने लगे कि हम तो झूठे मुक़दमे नहीं चलाते, और आप ऐसा कह करके वकीलों के पेशे को बदनाम करते हैं, लेकिन मैं उन साहबान से जो यह अकड़ कर कह रहे हैं बतलाना चाहता हूं कि मुझे भी क़रीब अट्ठाईस वर्ष लोअर कोर्ट्स में काम करने का तजुर्बा हासिल है और मैं जानता हूं कि वहां पर किस तरह से गवाहियां मैनुफैक्चर की जाती हैं और झूठे मुक़दमें चलाए जाते हैं, हो सकता

है कि वह चूंकि बड़े दिग्गज वक़ील हैं और सुप्रीम कोर्ट में ही बहस करते हैं जहां मोटी मोटी किताबें पेश की जाती हैं और दुनिया भर की रूलिंग्स का हवाला दिया जाता है और जहां पर २५०० रुपये तक का तगड़ा मेहनताना लिया जाता है, वहां पर काम करने वालों को इसका तजुर्बा न हो लेकिन मैं उनकी खिदमत में अर्ज़ करता हूं कि आज न्याय या इंसाफ क्या बन गया है । वह यह है :

What is justice today? Justice is nothing but the influence of Advocacy. And what is advocacy? Advocacy is nothing but befooling the judge.

आज के न्याय का अर्थ है "बिफ़ूलिंग दी जज" मोटी मोटी किताबों को पेश करके और तर्क दे करके जिसने जज को अपनी ओर घुमा लिया, उसका काम बन गया । अरे साहब वाक़या यह है कि कोई क़त्ल हो और मुक़दमा चले तो निगरानी में कोई नहीं पूछता कि कोई क़त्ल हुआ या नहीं, पूछते क्या हैं, इसके लीगल ऐस्पेक्ट पर बहस करो, क़ानून पर बहस करो कि यह कांस्टीट्यूशनल है कि नहीं, भला पूछो इनसे कि क़त्ल हुआ है, उसके बारे में फ़ैस्ला करो, इसमें कांस्टीट्यूशन या क़ानून क्या करेगा वहां पर बहस होती है कि मजिस्ट्रेट ने सम्मन बाद में जारी किया या पहले जारी किया और कभी कहते हैं कि इस केस में कागनीज़ेन्स क़ानून के मुताबिक नहीं लिया गया । मेरे पास रूलिंग है और वह रूलिंग आर० आर० चारी कानपुर के केस की है उसमें बहस थी What does this word 'cognizance' mean?

लेकिन जाब्ता फ़ौजदारी में कहीं कागनीज़ेन्स की डेफीनेशन का पता ही नहीं है । उस आर० आर० चारी की रूलिंग में लिखा हुआ है कि जाब्ता फ़ौज़दारी क़ानून में कागनीज़ेन्स की कहीं तारीफ़ नहीं है । हमारे संविधान में एक आरटिकिल बना हुआ है कि तमाम देश में कानून की निगाह में हर आदमी बराबर रहेगा लेकिन हक़ीकत क्या है । बम्बई हाईकोर्ट कहता है कि हमारी रूलिंग मानो, मद्रास कहता है कि हमारी रूलिंग मानो, कलकत्ता कहता है कि हमारी मानो, पटना कहता है कि हमारी मानो और इलाहबाद हाई कोर्ट कहता है कि नहीं हमारी रूलिंग मानों और सब अपना अपना फ़ैसला अलग अलग देते हैं । आज होता यह है कि एक मर्तबा हाईकोर्ट फ़ैसला देता है कि यदि हाईकोर्ट में सिंगल जज का जो फ़ैसला हो उस फ़ैसले के खिलाफ़ भत जाओ, अगर जज को एखतलाफ हो तो मुद्दई और मुद्दालेह पर छोड़ दो, वह अपने आप अगर चाहेंगे तो अपील कर लेंगे और ऊंची अदालत से फ़ैसला करा लेंगे और उस अदालत पर रूलिंग के लिये छोड़ दो । फिर उसी हाईकोर्ट में यह राय बनती है कि अगर कोई जज फ़ैसले से एखतलाफ़ करे तो बेंच को रेफ़र कर दे , बेंच अगर डिफ़र करती है तो फ़ुल बेंच को रेफ़र कर दिया जाय और उसके बाद मुद्दई और मुद्दालेह पर छोड़ दिया कि वह चाहें तो सुप्रीम कोर्ट में अपील करें ।

मैं चाहता हूं कि आज जब आप इस फौज़दारी कानून में संशोधन करने जा रहे हैं तो सब से पहले तो आप को यह कानून बनाना पड़ेगा कि हाई कोर्ट के अन्दर अगर एक सिंगल जज दूसरे जज के पहले फैसले से डिफर करे तो उसे उस केस को बगैर फैसला किये हुए डिविज़न बैंच को रेफर कर देना चाहिये और डिवीज़न बैंच उस मामले में जो फैसला देगी उसको माना जायेगा ; और अगर डिवीज़न बैंच डिफर करती है तो उसे फुल बैंच को रेफर करा जाये और अगर एक हाई कोर्ट दूसरे हाई कोर्ट से डिफर करे तो उस केस पर रूलिंग देने के लिये सुप्रीम कोर्ट के पास भेजना चाहिये । सुप्रीम कोर्ट का फैसला

[श्री आर० डी० मिश्र]

आखिरी होगा। और सारे मुल्क को उसे मानना होगा, नहीं तो आप किस की मानेंगे और किस की नहीं मानेंगे, मद्रास का हाईकोर्ट एक रूलिंग देता है, बम्बई का हाईकोर्ट दूसरी रूलिंग देता है और आप देखते हैं कि एक कागनीजैन्स शब्द के ऊपर चार वर्ष तक मुकदमा चला ....

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member wanted only two minutes and I have already given him two more minutes.

श्री आर० डी० मिश्र : मैं चाहता हूं कि इस तरह कानून में लूपहोल न हो जिस से बेकार की बहस में समय और रुपया बर्बाद जाये और सालों मुकदमें चलते रहें। मैं अपने होम मिनिस्टर साहिब को बतलाना चाहता हूं कि सन् १९४७ में कांग्रेस ने हुकूमत की बागडोर सम्भाली, देश में बड़ी रिश्वतसतानी बढ़ रही थी और अखबार वालों ने भी इस बात को कहा कि देश म रिश्वत का बाजार गर्म है, कांग्रेस वाले रिश्वत और करप्शन को बन्द करने के लिये जवान दे चुके हैं, हमने भी अपने मंत्रियों का इधर ध्यान दिलाया और उन्हों ने अपने सेक्रेटेरियों से कहा कि रिश्वत अब बन्द होनी चाहिये, तमाम सेक्रेटेरियों ने कहा कि हां हुजूर बंद होनी चाहिये। लेकिन रिश्वत नहीं बन्द हुई। तमाम पार्लियामेंट के मेम्बर जोर लगाते हैं लेकिन रिश्वत बंद नहीं होती। तब पुलिस के आई० जीज़० को कानफरेंसें हुई होगीं यह जानने के लिये। रिश्वत क्यों नहीं बन्द होती। मालूम पड़ता है कि पुलिस वालों ने मश्विरा दिया कि जाव्ता फौजदारी में लिखा है कि पुलिस वाला बगैर वारंट के गिरफ्तारी नहीं कर सकता। इसलिये अगर रिश्वत लेने का जुर्म कागनिजेबिल आफैंस हो तो रिश्वत बन्द हो जाय। यह चीज़ होम मिनिस्टर साहिब के सामने रखी गई होगी। चुनांचे सन् १९४७ में रिश्व को रोकने का एक कानून पास किया गया

"An Act for the more effective prevention of bribery and corruption."

मिनिस्टर साहिब ने कहा होगा कि इसको कागनिजेबिल बना दिया जाय चुनांचे और दफा ३ में लिखा है :

"(3) An offence punishable under Section 161 or Section 165 of the Indian Penal Code shall be deemed to be a congnizable offence for the purpose of the Criminal Procedure Code, 1898, notwithstanding anything to the contrary contained therein;"

"Provided that a police officer below the rank of a Deputy Superintendent of Police shall not investigate any such offence without the order of a magistrate of the first class or make any arrest without a warrant."

क्या मतलब हुआ ? कागनिजेवल आफेंस के लिये लिखा है कि पुलिस वाला बगैर वारंट के गिरफ्तारी कर सकता है। ऊपर तो यह लिख दिया लेकिन नीचे लिख दिया कि "कैन नाट अरेस्ट बिदाऊट वारण्ट" और हाउस से यह कानून पास करा लिया। किसी ने कोई गौर नहीं किया कि ऊपर क्या लिखा है और नीचे क्या लिखा है। यहां कानून १५ मिंट में पास हो जाता है। अदालतों में चाहे जितनी रिश्वत चल रही हो, बेईमानी चल रही हो लेकिन पार्लियामेंट के बिजनेस रूल्स के मुताबिक यहां कानून १५ मिनट में पास हो जाता है। हमने डिमाक्रेसी वाली बात भी पढ़ी है कि कानून बनाने के पहले बहस मुबाहिसा किया जाय जब सब लोग अपनी राय सामने रखते हैं तो कानून अच्छा बनता है क्योंकि विल आफ दी पबलिक मालूम होती है। लेकिन यहां पर विल आफ दी पबलिक से कोई मतलब ही नहीं है। हम यहां बैठ बैठे गुराते रहते हैं हमारी

कोई नहीं सुनता, जनसंघ वाले और कम्यनिस्ट आते हैं और अपनी बात कहते चले जाते हैं। वह पार्लियामेंट की लाइब्रेरी से बाहर देशों की मोटी मोटी किताबें पढ़ते हैं और उनमें देखते हैं कि कौनसी गाली अंग्रेजी में पार्लियामेंटरी ढंग से दी जाती हैं उनको लिखकर लाते हैं और उन्हीं बातों को यहां कहते हैं। हमारे होम मिनिस्टर साहब भी बहुत खुश होते हैं कि बहुत अच्छी तकरीर की क्योंकि वह ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस आफ कामन्स की लैंग्वेज है। तो यह सन् १९४७ का कानून है और इसी के मातहत एक अफसर पर मुकदमा चला। मेरा मतलब कानपुर के स्टील कंट्रोलर आर० आर० चारी के केस से है। उन्हों ने बड़ी रिश्वत ली होगी। इसलिए उन पर मुकदमा चला। मिनिस्टर साहिब ने या किसी बड़े अफसर ने यह मामला तहकीकात के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। २७ अक्तबर सन् १९४७ को गिरफतारी हुई। लेकिन जमानत हो गई। इसके बाद पहली दिसम्बर १९४७ को गवर्नमेंट ने उनके ट्राइल के लिए एक स्पेशल मजिस्ट्रेट की कोर्ट मुकर्रर की। यह भी सन् १९४८ के बाद। इतने अर्से तक यह केस पड़ा रहा। कहां पड़ा रहा क्यों पड़ा रहा। मैं नें सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग १९५१ एस० सी० आर० ३१२ देखी, पता नहीं लगा कि मकदमा बीच में कहां पड़ा रहा। विचार करने से अन्दाज लगा कि यह तो मिनिस्ट्री में घुसा रहा। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में लिखा है कि पुलिस तहकीकात करती रही। किस बात की तहकीकात करती रही ? सन् ४९ में गवर्नमेंट आफ इंडिया से सैंक्शन हुई कि इन पर केस चलाया जाय। गिरफ्तारी सन् ४७ में हुई और सैंक्शन सन् ४९ में हुई सवा वर्ष के बाद। बात यह है कि विभाग वाले मिनिस्टर के आगे पीछे लगे रहते हैं और मिनिस्टर उनकी बात को ही सुनते हैं, हमारी बात नहीं सुनते। हम लोग पीछे पड़ते हैं तो हमसे तो अकड़ जाते हैं लेकिन उन लोगों से दबते हैं। वोट हमारी है लेकिन रक्षा उनकी करते हैं। अब देखिये कि पबलिक सरवेंट्स का डेफिनेशन से बचाव किया गया है लेकिन इसमें हमारे लिये कोई गुंजाइश नहीं है। पार्लियामेंट के मेम्बर की कोई रक्षा नहीं है। अगर हम अपनी कांस्टीट्यूएंसी में पिट गये तो मिनिस्टर साहब कहीं के भी नहीं रह जायेंगे हम राजप्रमुखों को खत्म करना चाहते हैं लेकिन वह उनकी रक्षा करने को तैयार बैठे हैं। हमारी रक्षा कोई नहीं करता। आज आप पबलिक सरवेंट की रक्षा करते हैं। एक विलेज पंचायत का मेम्बर पबलिक सरवेंट है, एक म्युनिसिपल बोर्ड का मेम्बर पबलिक सरवेंट है, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड का मेम्बर पबलिक सरवेंट है, चौकीदार से लेकर राष्ट्रपति तक सब पबलिक सरवेंट है और हम जो एस० एल० ए० और एम० पी० हैं वह कहीं भी नहीं हैं। हमारी इस कानून में कहीं रक्षा नहीं। हम दिन भर हाउस में बैठते हैं, अपना घर बार छोड़कर यहां पड़े रहते हैं लेकिन हम पबलिक सरवेंट नहीं हैं। और हमारी कोई रक्षा करने वाला नहीं है।

श्री अलगूराय शास्त्री : हम पबलिक हैं।

श्री आर० डी० मिश्र : तो जब आर० आर० चारी पर मुकदमा चला तो उन्होंने मजिस्ट्रेट साहिब के सामने एतराज़ किया कि मंजूरी ठीक नहीं है और दरखास्त दे दी। मजिस्ट्रेट ने सोचा होगा कि हम तो मजिस्ट्रेट हैं, हम तो मिनिस्टर का मुकाबला नहीं कर सकते, हम तो दरखास्त रिजेक्ट ही करेंगे। ये आई० सी० एस० और आई० ए० एस० सब एक हैं और मिले हुए हैं। रोज़ शाम को क्लब में शराब पीते हैं और नाचते हैं। मज़ा होता है। तो उसके बाद में क्या हुआ। केस चला हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट में जाने के बाद सुप्रीम

[श्री आ ० डी० मिश्र]

कोर्ट में गया। बहस यह की गई कि २७ अक्तूबर सन् १९४७ के पहले सैंक्शन होनी चाहिये थी वह नहीं हुई । मैं मिनिस्टर साहिब से कहता हूं कि जब केस चलाना था तो पहले सैंक्शन क्यों नहीं दी । जब वारंट से गिरफ्तार किया तो सैंक्शन उसके पहले होनी चाहिये थी । यह लूपहोल रखा। आज होम मिनिस्टर साहब के विभाग में लूपहोल हैं । मैं कहता हूं कि उनको बन्द कीजिये । मैं पूछता हूं कि क्यों नहीं मिनिस्ट्री ने वारंट के पहले सैंक्शन दी । और जिस ने सैंक्शन नहीं दी उसको दफ्तर में क्यों नौकर रखा हुआ है । उसकी वजह से चार वर्ष केस लड़ता रहा । उस मुकदमे में लड़ने की वजह यह थी कि कलकत्ता हाईकोर्ट की एक रूलिंग थी और वकील लोग उस किताब को लेकर आये और हाईकोर्ट के सामने पेश की औ कहा कि यह माई लार्ड की रूलिंग है। अब एक माई लार्ड दूसरे माई लार्ड की रूलिंग को कैसे नामंजूर कर सकते हैं। जब माई लार्ड के सामने पेशी हुई तो उन्हों ने कहा हमारा सूबा दूसरा है हम तो खारिज किये देते हैं । सुप्रीम कोर्ट में जाओ । सुप्रीम कोर्ट में वह रूलिंग पेश हुई और हमारे चटर्जी साहब ने पैरवी की । उन्होंने खूब मेहनताना लिया होगा । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सन् ४७ की २७ अक्तूबर से जो कार्रवाई हुई वह १५६ (३) में आ जाती है। इसलिये मुकदमा चलाया जाय । अब सुप्रीम कोर्ट ने यह तय कर दिया कि कागनिजेबिल आफेंस क्या होता है । आपको इस चीज़ को जाव्ता फौजदारी में लिख देना चाहिये नहीं तो छोटी छोटी जगहों में वकील फिर भी अदालतों को उसी कलकत्ता की रूलिंग को दिखला कर बहकाते रहेंगे । जब केस ला डिकलेअर हो जाय तो आपको उसके मुताबिक अमेंडमेंट कर देना चाहिये । मुझे और बहुत सी बातें कहनी थीं लेकिन डिप्टी स्पीकर साहब नाराज़ हो रहे हैं इसलिये मैं खत्म करता हूं ।

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Home Minister will reply tomorrow. I understand from the hon. Minister of Parliamentary Affairs that the House must stand adjourned from now as a mark of respect. So the House will now stand adjourned to meet at 8-15 a.m. tomorrow.

The House then adjourned till a Quarter Past Eight of the Clock on Saturday, the 8th May, 1954.